पत्र सं0–13 / बायो0–13–01 / 2024................./

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

ब्रजेश मोहन,
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
जल निस्सरण प्रमंडल,
सीतामढ़ी।

पटना, दिनांक–

विषयः– श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा के अंतिम / सेवानिवृत कार्यालय की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि श्री वृन्द कुमार लालदेव, पिता–श्री झारी लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता (जे0 8390), विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी (ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत) सम्प्रति सेवानिवृत, ग्राम–उज्जैना, भाची, जिला–दरभंगा के विरूद्ध ग्रामीण कार्य विभाग में पदस्थापन अवधि के दौरान विशेष प्रमंडल, सीतामढ़ी के अंतर्गत डुमरा प्रखंड के फतहपुर, गिरमिशानी में सिंचाई हेतु नहर की उड़ाही एवं मो0 मियाँ के घर से लखनदेई नदी जानेवाली पथ में टूटान की मरम्मति एवं जीर्णोद्वार कार्य के क्रियान्वयन में बरती गयी अनियमितता के आरोप हेतु श्री लालदेव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित रहने के कारण अपने अधीनस्थ कार्यालय में संधारित अभिलेख की जाँच करते हुए श्री लालदेव के अंतिम / सेवानिवृत कार्यालय की सूचना की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि कार्यपालक अभियंता, दुर्गावती बायॉ तट नहर प्रमंडल, भीतरीबॉध के पत्रांक–590 दिनांक–05.08.2006 द्वारा श्री वृन्द कुमार लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता का अंतिम वेतन प्रमाण पत्र सेवापुस्त एवं भविष्य निधि में की गयी कटौती की विवरणी संलग्न कर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनबरसा, सीतामढ़ी को प्रेषित किया गया है (छायाप्रति संलग्न)।

अतएव अनुरोध है कि अपने स्तर से प्रमंडलान्तर्गत कर्मी / पदाधिकारी को प्राधिकृत करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनबरसा, सीतामढ़ी के कार्यालय से श्री वृन्द कुमार लालदेव, तत्कालीन कनीय अभियंता के अद्यतन सेवापुस्त की छायाप्रति, पेंशन स्वीकृति की स्थिति में पेंशन स्वीकृत्यादेश, अद्यतन बायोडाटा स्थानांतरण संबंधित आदेश / सेवानिवृत्ति / अंतिम कार्यालय की सूचना की उपलब्धता / अनुपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त कर विभाग को दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

मामला निगरानी से संबंधित है, कृपया सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक – पटना / दिनांक –

प्रतिलिपिः– उप सचिव (निगरानी), प्रशाखा–23, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक – 2856 पटना / दिनांक – 27/5/26

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधित पदाधिकारी के ईमेल पता पर अनुलग्नक सहित भेजने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

##Letter-2026, Sec-13, Sys-2